आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः प8(सा.प्रो.)अकाद/2018/पार्ट /238

दिनांकः 24 जनवरी, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, निर्वाचन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित बैठक में दियें गये निर्देशों के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, निर्वाचन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित बैठक में दियें गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें :–

1. सभी महाविद्यालयों में **Electoral Literacy Clubs (ELC)** का निर्माण किया जाये जिनके माध्यम से महाविद्यालयों में कार्यरत सभी प्राचार्यो/सह/सहायक आचार्यो एवं कर्मचारियों के साथ विद्यार्थियों में भी मतदान के प्रति जागरूकता, मतदान सूची में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के महत्व आदि से समय–समय पर अवगत कराना जाना है। जिससे हम आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत एवं मतदान प्रक्रिया में सहभागिता को उच्चतर स्तर तक ले जा सके।

2. महाविद्यालयों में कार्यरत समस्त अधिकारियों/प्राचार्यो/सह/सहायक आचार्यो एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 25.01.2019 को मतदान दिवस के रूप में मनाते हुये शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया (ली जाने वाली शपथ ग्रहण का प्रारूप संलग्न है) जाना है।

3. महाविद्यालयों में बनाये गये **Electoral Literacy Clubs (ELC)** द्वारा वर्ष भर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में मतदान से संबंधित क्विज, फ्लोर गेम्स आदि गतिविधियों की जानकारी निर्वाचन विभाग, राजस्थान की वेबसाईट **www.ceorajasthan.nic.in** से प्राप्त कर आयोजित की जा सकती है।

भवदीय,

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राज.,जयपुर

क्रमांकः प8(सा.प्रो.)अकाद/2018/पार्ट /238

दिनांकः 24 जनवरी, 2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, निर्वाचन विभाग, राज., सरकार को उनके अ.शा. पत्रांक एफ4(3)(3)SVEEP/Elec./ELC/2018, 8 जनवरी, 2019 के संदर्भ में।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, विशिष्ट शासन सचिव,उच्च शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
4. बेवसाईट प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया पत्र को बेवसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राज.,जयपुर

ELECTION COMMISSION OF INDIA

Pledge For National Voters' Day, 25th January 2019

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एंव शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"

"We, the citizens of India, having abiding faith in democracy, hereby pledge to uphold the democratic traditions of our country and the dignity of free, fair and peaceful elections, and to vote in every election fearlessly and without being influenced by considerations of religion, race, caste, community, language or any inducement"